>

Title: Need to run Mail express trains between Giridih and Ranchi. - Laid

श्रीमती अन्नपुर्णा देवी (कोडरमा): गिरिडीह से वाया जमुआ, राजधनवार, कोबाड, नवाडीह, महेशपुर, कोडरमा टाउन, कोडरमा जंक्शन, बरही, पदमा, कटकमसांडी, हजारीबाग टाउन, चरही, बरकाकाना, रामगढ़ होते हुए रॉची तक नई रेल लाईन का निर्माण हुआ है, वर्तमान में नाममात्र की एक पैसेंजर गाड़ी ही चलायी जा रही है अभी तक इस रेल खंड पर कोई भी मेल एक्सप्रेस गाड़ी नहीं चलाई जा रही है, इस क्षेत्र के निवासियों की मांग है कि नई रेल लाइन पर गिरिडीह से रॉची के बीच प्रतिदिन कम से कम दो जोड़ी मेल एक्सप्रेस गाड़ी का परिचालन प्रारम्भ कराया जाए, जिससे इस रेल खंड पर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुगम रेल यात्रा संभव हो सके । नई रेल खंड के निर्माण से आम लोगों को काफी उम्मीद जगी थी, लेकिन मेल एक्सप्रेस गाड़ी के परिचालन नहीं होने से स्थानीय नागरिक काफी निराश हैं । अतः केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि जनहित में गिरिडीह से वाया कोडरमा हजारीबाग रामगढ़ होते हुए रॉची तक दो जोड़ी नई मेल एक्सप्रेस गाड़ी का परिचालन प्रारम्भ कराया जाए ।